दिन— गुरूवार | दिनांक— 09/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। | अवधिः— 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की निर्णायक भूमिका है। श्री मोदी ओडिशा के भुवनेश्वर में अठारहवें प्रवासी भारतीय दिवस के औपचारिक उद्‌घाटन के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने वैश्विक विकास और भारत की विकास यात्रा में प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा की। श्री मोदी ने प्रवासी भारतीयों को वैश्विक सम्मान दिलाने में भारतीय मूल्यों की भूमिका को रेखांकित किया। भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत न केवल लोकतंत्र की जननी है, बल्कि लोकतंत्र हमारी जीवन शैली में समाहित है।

———————————————————————

गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अनुरोध किया है कि वे देश से टीबी रोग समाप्त करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता के तहत जेलों और सुधार संस्थानों में क्षय—रोग उन्मूलन के लिए सौ दिन का अभियान शुरू करें। मंत्रालय ने एक पत्र के जरिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जांच शिविर आयोजित करने और सभी जेलों में टीबी रोग से संबधित सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री प्रदर्शित करने को कहा है।

———————————————————————

बिहार विधान परिषद की एक रिक्त सीट के लिए आज एनडीए से जद—यू के ललन प्रसाद ने अपना नामांकन पत्र भरा। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। राजद के सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त किए जाने के बाद इस सीट के लिए उपचुनाव हो रहा है।

———————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से राजभवन जाकर मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कैबिनेट विस्तार को लेकर राज्यपाल के साथ चर्चा की है। माना जा रहा है कि पन्द्रह जनवरी के बाद नीतीश कुमार मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है।

———————————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा इंडिया गठबंधन को लेकर दिए गए बयान के बाद कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शकील अहमद खान ने कहा है कि कांग्रेस अखिल भारतीय पार्टी है। कई राज्यों में पार्टी अलग–अलग चुनाव लड़ती है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि जिस उद्देश्य से इंडिया गठबंधन बना था, वह समाप्त हो गया है। गौरतलब है कि कल तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा था कि इंडिया गठबंधन सिर्फ वर्ष दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव के लिए बना था।

———————————————————————————————

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। अधिकांश स्थानों के न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पांच दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है। सुबह के समय राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

———————————————————————————————

आज पूर्व मुख्यमंत्री रामसुंदर दास की जयंती है। इस अवसर पर सोनपुर के खरीक स्थित रामसुंदर दास बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने रामसुंदर दास की प्रतिमा का

अनावरण किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और राज्यसभा सांसद भीम सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

सुपौल जिले के छातापुर प्रखंड स्थित मध्य–सह–उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, भीमपुर के प्रधानाध्यापक विपिन कुमार, अध्यापक दीपक कुमार और राजा कुमार को छात्रों से रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र के पहाड़पुर बहियार में भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग हुई। इस मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

समाप्त